जेएसपीएल फाउंडेशन ने महिलाओं के बीच बांटे हरे सब्जियों के बीज



आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। जेएसपीएल फाउंडेशन ने अपने कार्य क्षेत्र के 5 पंचायतों के 747 परिवारों के बीच मंगलवार को हरी सब्जियों का बीज वितरण कर पोषक बागवानी को बढ़ावा देने का काम किया। उक्त कार्यक्रम जेएसएलपीएस एवं मनरेगा के द्वारा संयुक्त रूप से चलाये जा रहे दीदी बाड़ी योजना के साथ जुड़कर किया जा रहा है। गेगदा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ लबगा पंचायत के मुखिया शिव प्रसाद मुंडा एवं के जेएसएलपीएस पदाधिकारियों की मोजूदगी में बीच वितरण कर किया गया। मौके पर महिला किसानों को संबोधित करते हुए लबगा पंचायत मुखिया शिव प्रसाद मुंडा ने कहा की यह सराहनीय कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य के जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सरकारी संस्थानों और जेएसपीएल द्वारा इस क्षेत्र में चलाया जा रहा है। जेएसपीएल प्लांट प्रमुख संजय सिन्हा ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देगा।

ये लोग थे मौके पर

मौके पर पर जेएसएलपीएस के बिपिन कुमार (बीपीएम) एवं अभिषेक कुमार (बीपीओ), सीएसआर विभाग के प्रबंधक रमाकांत बेहेरा, अनुराग सिंह, रश्मिता दास, बीरबल बेदिया सहित दर्जनों महिला किसान मौजूद थीं।